सिटी एक्टिविटी

एसबीआई महिला क्लब ने बांटे कंबल

भोपाल। एसबीआई महिला क्लब ने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सर्दियों में कर्मचारियों को ठंड से बचाने कंबल बांटे। अध्यक्ष आशा मिश्रा के नेतृत्व में चार इमली स्थित स्थानीय प्रधान कार्यालय में अधिकारी व अतिथि आवासों के 105 कर्मियों को सम्मानित किया। इसमें सफाई कर्मी, ड्राइवर, माली शामिल रहे। उपाध्यक्षा अर्चना कुंदन, नीतू प्रसाद और रंजना झा सहित अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहीं।

एसटीपी से ट्रीटेड वॉटर और स्लज का करें बेहतर इस्तेमाल

भोपाल। नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने गुवार को चार इमली और बिसनखेड़ी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) एवं पंप हाउस सनखेड़ी का जायजा लिया। उन्होंने एसटीपी में मिलने वाले ट्रीटेड वॉटर और स्लज का बेहतर उपयोग करने का प्लान बनाने के लिए कहा। इस दौरान आयुक्त के साथ अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि नगर निगम ने चार इमली में 4.5 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के साथ ही कोलार के सनखेड़ी में 32 एमएलडी क्षमता का एसटीपी और सीवेज पंप हाउस बनाया है।

वेंकटेश बालाजी की गाजे बाजे के साथ निकली बारात

रायसेन रोड स्थित मंदिर से निकली बारात में पालकी में विराजे भगवान

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

रायसेन रोड में सज्जन सिंह नगर स्थित एनआरआई संस्थान में लक्ष्मी पद्मावती वेंकटेश बालाजी हनुमान एवं गरुण मंदिर प्रांगण में ब्रह्मोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को सुप्रभात सेवा के बाद भगवान बालाजी को भोग लगाया गया।

भगवान बालाजी की मूर्ति को पालकी में रखा गया। भक्तजनों ने पालकी को उठाकर भगवान को मंदिर प्रांगण में धुमाया। पालकी में सवार होकर ही भगवान यज्ञशाला में पहुंचे, जहो उनकी स्थापना की गई। यज्ञशाला के चारों द्वारों की पूजा कर कुंड में अग्नि प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद भगवान बालाजी के सामने मूल मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया। माता लक्ष्मी का नौ कलशों से अभिषेक किया गया। इसमें माता लक्ष्मी को दूध, दही, पंचामृत एवं पवित्र जल से स्नान कराया गया।

उत्सव की शुरुआत करने के लिए भगवान गरुण की आकृति वाले ध्वज की पूजा की और उसे मंदिर प्रांगण के विशाल खंब पर मंदिर के संरक्षक डी. सुबोध सिंह व जयश्री सिंह द्वारा फहराया गया। यह ध्वज अब तीन दिनों तक लगा रहेगा व ब्रह्मोत्सव की समाप्ती पर इसे उतारा जाएगा।

बालाजी महाराज की बारात निकाली

विष्णु सहस्त्रनाम परायणम पाठ शाम 5 बजे किया गया। उसके बाद बालाजी महाराज के विवाह के लिए गाजे बाजे के साथ बारात मंदिर प्रांगण से आंनद नगर तक पालकी के रुप में निकाली गई। श्रद्धालु बारात में नाचते चल रहे थे। भगवान बालाजी के विशेष शृंगार ने भक्तों का मन मोह लिया। बाद में मंत्रोच्चार के बाद हवन और पूर्णाहुति आयोजित की गई। इस मौके पर मंत्रों की चारों ओर गूंज सुनाई दे रही थी। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

निगम आयुक्त, यूनिडो प्रतिनिधियों की बैठक

भोपाल। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने यूनिडो के प्रतिनिधियों के साथ ग्लोबल इन्वॉयरमेंटल फैसिलिटी के तहत निगम के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूनिडो) प्रतिनिधियों से पर्यावरण संरक्षण परियोजना क्रियान्वयन पर चर्चा की। बैठक में यूनिडो के डॉ. मनीष नेगी, डॉ. एलएक्स जेडर, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. बीआर मिश्रा, अपर आयुक्त विनीत तिवारी, उपायुक्त योगेंद्र पटेल, अधीक्षण यंत्री सुबोध जैन मौजूद रहे।

हिरदाराम कॉलेज में गॉर्जियन- ट्यूटर मीट

संत नगर। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में गॉर्जियन-ट्यूटर मीट आयोजित हुई। चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. सुनीला चौबे ने कॅरियर गाइड और गुरु-शिष्य संबंध मजबूती कार्यक्रम का समन्वयन किया। अतिथि व्याख्यान, सामान्य ज्ञान, समसामयिक मुद्दों से संबंधित आयोजन भी हुए। प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने सम्रग विकास के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता व आयोजन को महत्वपूर्ण बताया।

साल के आखिरी माह दिसंबर में रहेगी त्योहारों की धूम

कालभैरव, दत्तात्रेय जयंती, मोक्षदा एकादशी व क्रिसमस पर्व इसी माह

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

साल का अंतिम महीना दिसंबर कई मायनों में खास रहने वाला है। इस महीने कई व्रत और त्योहार हैं। इसको लेकर तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। शहर की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं की ओर से इन त्योहारों पर कई बड़े कार्यक्रम किए जाएंगे। वहीं, ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस उत्सव का आयोजन उत्साह के साथ करेंगे। क्रिसमस पर इस रविवार से ही गिरजाघरों में कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

कालभैरव जंयती : कालभैरव जयंती आगामी 5 दिसंबर को मनाई जाएगी। कालभैरव भगवान शिव के रौद्र रूप हैं। मार्गशीर्ष माह में काल भैरव का जन्म हुआ था। इन्हें दंडनायक देवता बताया गया है। इनकी पूजा करने से भय और ग्रह दोष दूर होते हैं।

उत्पन्ना एकादशी : 8 दिसंबर शुक्रवार को मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर उत्पन्ना एकादशी व्रत रखा जाएगा। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इस एकादशी का व्रत रखने और पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

भगवान गणपति को पंचामृत स्नान कराकर षोडशोपचार

संत नगर। मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की संकष्टी चतुर्थी पर रामानंद आश्रम गुफा मंदिर में मंहत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में श्री गणपति मंदिर में संस्कृत पाठ शाला के छात्रों एवं वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा भगवान गणपति का पंचामृत स्नान कराकर षोडशोपचार, वैदिक मंत्रों से पूजन किया। भगवान को मोदक, लड्डू का भोग तथा गणपति अथर्वशीर्ष के 108 पाठ किए। इसके साथ भगवान गणपति का सूखे मोवों से विशेष शृंगार किया। आरती और प्रसाद वितरण किया।

मार्गशीर्ष अमावस्या : मार्गशीर्ष माह में अमावस्या पर गंगा स्नान और दान करने से पितृ दोष दूर होता है। शनि की महादशा से राहत मिलती है। अमावस्या 12 दिसंबर को मनाई जाएगी।

धनु संक्रांति खरमास शुरू : 16 दिसंबर को धनु संक्रांति के दिन सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं। धनु राशि में सूर्य के आते ही खरमास शुरू हो जाते हैं और मांगलिक कार्य पर रोक लग जाती है। फिर एक माह बाद शुभ कार्यो की शुरूआत होगी।

विवाह पंचमी : 17 दिसंबर को विवाह पंचमी के दिन श्रीराम और माता सीता का विवाह हुआ था। इस दिन विवाह के अलावा समस्त शुभ कार्य करना शुभ माना जाता है। मंदिरों में धूमधाम से राम विवाह का आयोजन होगा। बारात निकाली जाएगी।

मोक्षदा एकादशी और गीता जयंती : मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि यानी 22 दिसंबर, शुक्रवार को मोक्षदा एकादशी व्रत रखा जाएगा। मोक्षदा एकादशी का व्रत करने से मनुष्य कई जन्मों के पापों से मुक्त हो जाता है और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन गीता जयंती भी मनाई जाती है।

क्रिसमस डे : यह ईसाई धर्म का सबसे बड़ा त्योहार है। 25 दिसम्बर को क्रिसमस या बड़ा दिन प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई जाती हैं। गिरजाघरों में रात 12 बजे सभाएं होती हैं और प्रभु यीशु का जन्मदिवस मनाया जाता है। शहर के सभी गिरजाघरों में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

दत्तात्रेय जयंती : मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि पर दत्तात्रेय जयंती मनाई जाती है। इस बार यह जयंती 26 दिसंबर को मनेगी। दत्तात्रेय को त्रिदेव यानी भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और महादेव का हिस्सा माना जाता है।

गुरु नानक देव प्रकाश पर्व 14 को, निकलेंगी प्रभात फेरियां

बैठक में स्त्री सत्संग जत्थों को सौंपी जिम्मेदारी

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हमीदिया रोड ने स्त्री सत्संग जत्थों की विशेष बैठक की। इसमें निर्णय लिया कि स्त्री सत्संग जत्थों द्वारा गुरु नानक देव प्रकाश पर्व 14 दिसंबर को गुरुद्वारा नानकसर हमीदिया रोड में मनेगा। बीबी अमरजीत कौर को इसकी कमान सौंपी गई है।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा स्त्री सत्संग जथों के सहयोग से 'सडा विरसा सडा परिवार' प्रोग्राम होंगे। यह कार्यक्रम सिख बच्चे बच्चियों को समर्पित होगा व बच्चे ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेंगे।

गतका क्लास होंगी शुरू : स्त्री सत्संग जथों के द्वारा मांग आई के गुरुद्वारा गुरु नानक टेकरी साहिब में गतका सिखाई जाए। कमेटी के अध्यक्ष सरदार परमवीर सिंह वजीर ने जिस पर आश्वासन दिया के गतका कोच की व्यवस्था जल्द कर क्लास शुरू होगी। महासचिव सरदार हरविंदर सिंह ने बैठक में बताया कि 17 दिसंबर को शहीदी दिवस गुरुद्वारा नानकसर हमीदिया रोड पर मनाया जाएगा। गुरु गोविंद सिंह का 17 जनवरी को प्रकाश पर्व मनोगा। 30 दिसंबर से 12 जनवरी तक प्रभात फेरी व 13 को गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई में गुरुद्वारा टेकरी साहिब से गुरुद्वारा नानकसर तक विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

Debt Recovery Tribunal, Jabalpur
797- II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001
(Areas of Jurisdiction Madhya Pradesh & Chattisgarh)

Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with Sub - Rule 2(A) of the rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (procedure) Rules 1993.

O.A. No. 256 / 2022

Canara Bank______ Applicant (s)
Versus
M/s Jagdamba Trading Co. Defendant

1. M/s Jagdamba Trading Co. Through Proprietor Smt Kavita Bai

2. Smt. Kavita Bai W/o Shri Rajendra Sahu

3. Smt. Leela Bai Sahu W/o Shri.Babulal Ji sahu

All at Same Address: 6, Mandi Road, Tehsil Biaora District Rajgarh M.P. - 465674

Whereas **O.A. No. 256/2022** was listed before the Hon'ble Presiding Officer on **08/04/2022**. Whereas the Hon'ble Tribunal is pleased to issue summon/notice on the Application under section 19 (4) of the Act, (OA) filed against you recovery of debts of **Rs. 25,72,377 /-** Application alongwith copies of document etc are enclosed.) In accordance with sub-section (4) of the section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:- **I.** To show case with thirty days of the service of summons as to,why relief prayed for should not be granted. **II.** To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial No. 3A of the Original Application. **III.** You are restrained from dealing disposing of second of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial no. 3A of the Original Application, pending haring and disposal of the Application for attachment of properties. **IV.** You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, excepts in the ordinary course of his business any of the transfer over which security interest created and/ or other assets and properties specified or disclosed under Serial No. 3A of the Original Application without the approval of the Tribunal. **V.** You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in account maintained with the bank of financial institution holding security interest over such assets. You are also directed to file written statement with a copy here of furnished to the applicant and to appear before registrar **05/02/2024** failing which the application be heard and decided your absence.

Given under my hand and the seal of the Tribunal this **31/10/2023**

Registrar

विवेकानंद विद्यापीठ में मना वार्षिकोत्सव

भोपाल। रामकृष्ण मिशन आश्रम के विवेकानंद विद्यापीठ भेल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। 'रंगायनःबहुरंगी अभिव्यक्ति' थीम पर रंगारंग प्रस्तुतियों से लोगों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय अरविंद चौरगड़े ने उद्बोधन में स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की प्रशंसा की। शैक्षणिक, रचनात्मक गतिविधियों में उपलब्धि पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सचिव स्वामी नित्यज्ञानानंद ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के अनुसार जीवन जीने की प्रेरणा दी।

वरिष्ठ पत्रकार नीरज पांडेय को पत्रकारिता में पीएचडी की उपाधि

भोपाल। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने पत्रकारिता-जनसंचार विषय में वरिष्ठ मीडिया कर्मी नीरज कुमार पांडेय को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। वह विभिन्न समाचार पत्रों में कार्यरत रहे हैं। 'भोपाल से प्रकाशित राष्ट्रीय समाचार पत्रों में ग्रामीण समाचारों का कवरेज-एक तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर उन्होंने शोध कार्य किया। उन्होंने शोध कार्य एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के एसो. प्रोफेसर डॉ.मनीषकांत जैन के मार्गदर्शन में पूरा किया।

सिक्सलेन निर्माण में परेशानी की शिकायत

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

कोलार सिक्सलेन के निर्माण में लेट-लतीफी होने के कारण इलाके के हजारों लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेमौसम बारिश होने के कारण कोलार में खुदी पड़ी इस सड़क पर कीचड़ हो रहा है।

वाहन चालक इससे फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में आ रही लोगों की परेशानी कलेक्टर आशीष सिंह को बताई गई हैं। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने कलेक्टर सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि लोगों के मकान, दुकान तोड़ने से पहले दावा आपत्तियों को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाए। टेंडर में रोड की चौड़ाई नहीं बताई गई। निजी संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाने के लिए विधानसभा में दिए गए आश्वासन का पालन किया जाए। ज्ञापन में अग्निहोत्री में सिक्सलेन निर्माण के चलते आ रही लोगों की परेशानियों के बारे में पांच बिंदुओं के माध्यम से बताया है। कलेक्टर ने ज्ञापन लेकर जल्द ही जनता से जुड़ी समस्याओं का निराकरण कराने का भरोसा दिया।

पुलिस कमिश्नर कार्यालय सभागार में सेमिनार आयोजित

गंभीर अपराधों में इंवेस्टीगेशन दक्षता का मार्गदर्शन

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

मो.नं. 9827229058

SCENE OF CRIME
Dr. HARSH SHARMA

गंभीर अपराधों के अनुसंधान में अधिकारियों/विवेचकों की दक्षता व्यावसायिक रूप से बढ़ाने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सेमिनार हुआ। नगरीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। 'सीन ऑफ क्राइम' वर्कशॉप में महिला/पुरुष के गंभीर अपराधों में अपराध/घटना स्थल पर क्या साक्ष्य अनुसंधानकर्ता इकट्ठे करें व अपराधी को जल्द सजा दिलाने वाली जरूरी सावधानियां बरतने की जानकारी दी। मुख्य प्रशिक्षक मप्र फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री के रिटायर्ड डायरेक्टर डॉ. हर्ष शर्मा ने बताया कि एक अनुसंधानकर्ता को गंभीर अपराधों में क्या साक्ष्य मिल सकते हैं और कब-कैसे संरक्षित करना है। अपराध स्थल निरीक्षण में संवेदनशीलता एवं विवेकपूर्ण तरीके से क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, ताकि पीड़ित को न्याय एवं गुनाहगारों को सजा दिला सकें। डॉ. शर्मा ने हत्या, रेप, चोरी, लूट एवं डकैती समेत अनेक मामलों में तथ्यों व साक्ष्य आधार पर मामलों के पर्दाफाश तथा अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता के बारे मे व्यावहारिक उदाहरण दिए। उन्हें बताया कि 40 वर्ष सेवा अवधि में 4 हजार केस सॉल्व किए, जिनमें अपराध स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य पर पीड़ित को न्याय दिलाया। इस अवसर पर अति. पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी ने अधिकारियों को व्यावहारिक उदाहरण देते हुए उत्कृष्ट अनुसंधानकर्ता बनने हेतु गंभीरता से निरीक्षण, साक्ष्य के संरक्षण पर मार्गदर्शन किया।

FORM NO. IV (See sub rule (2A) of rule 5)

Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with Sub - Rule 2(A) of the rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (procedure) Rules 1993.

Before Debts Recovery Tribunal, Jabalpur
797- II, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001
Case No. O.A. No. 58 / 2023
Canara Bank______ Applicant (s)
Versus
Urmila Bai Defendant

1. Urmila Bai, W/o Hari Ram Yadav Aged About 52 Years **R/o-** Village- Patni. Tehsil- Babai. District-Hoshangabad (M.P.) PIN-461001. (Voter ID - CKG0154884)

Whereas **O.A. No. 58/2023** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **06/02/2023.** Whereas, this Hon'ble Tribunal please to issue summons/notice on the said Application under 19 (4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 23,32,238 /-** with expenses and future Interest Application along with copies of document etc (annexed.) In accordance with sub-section (4) of the section 19 of the Act, you the defendants are directed as under :- **I.** To show cause within thirty days of the service of summons as to, why relief prayed for should not be granted. **II.** To disclose particulars of properties for assets other than properties and assets specified by the applicant under serial No. 3A of the Original Application. **III.** You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial no. 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the Application for attachment of properties. **IV.** You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and/or other assets and properties specified or disclosed under Serial No. 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal. **V.** You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institution holding security interests over such assets. You are also directed to file the written statement with a copy there of furnished to the applicant and to appear before registrar on date **09/01/2024 at 10:30am** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and seal of the tribunal on this **16th day of October, 2023.** By Order of the Tribubnal.

Registrar
Debt Recovery Tribunal, Jabalpur

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत

शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, हरि छाया, विवेकानंद घाट, कोठी बाजार रोड, नजूल शीट नं.51,
प्लाट नं.1/2/17 एवं 1/2/18, होशंगाबाद-461001
शाखा कार्यालय : ऊपरी तल मंजिल, जेड-18, एम.पी. नगर, जोन-1, मिरेकल्स हॉस्पिटल्स के पास, भोपाल (म.प्र.) पिन कोड-462011

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]

अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

क्र मां क	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य बयाना जमा	संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	नसीम अख्तर (ऋणकर्ता) माजदा नसीम अख्तर (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. NHHSG00000828764	प्लाट नं. 150 एलबीडी रॉयल मौजा ग्राम रायपुर तहसील एवं जिला होशंगाबाद होशंगाबाद-461001	रू. 4,59,535/- November 23, 2023	रू. 6,77,751/- Rs. 67,780/-	दिसम्बर 11, 2023 11:00 AM- 03:00 PM	दिसम्बर 19, 2023 02:00 PM- 03:00 PM
2.	जगदीश वर्मा (ऋणकर्ता) रूबी वर्मा (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHBHP00001398365	एकता कम्फर्ट ग्रीन कॉलोनी ग्राम- अलवालिया पीएच नं.09 आरएमएन नं.01 विकासखंड फंदा तहसील हुजूर तहसील हुजूर जिला भोपाल 00 भोपाल मध्य प्रदेश 462001	रू. 3,24,618/- November 23, 2023	रू. 3,93,660/- Rs. 39,370/-	दिसम्बर 11, 2023 11:00 AM- 03:00 PM	दिसम्बर 19, 2023 02:00 PM- 03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक-https://BestAuctionDeal.com/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को 18 दिसम्बर 2023, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, हरि छाया, विवेकानंद घाट, कोठी बाजार रोड, नजूल शीट नं.51, प्लाट नं.1/2/17 एवं 1/2/18, होशंगाबाद-461001** में 18 दिसम्बर2023 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, हरि छाया, विवेकानंद घाट, कोठी बाजार रोड, नजूल शीट नं.51, प्लाट नं.1/2/17 एवं 1/2/18, होशंगाबाद-461001** को 18 दिसम्बर 2023 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) **होशंगाबाद, भोपाल** - में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/

दिनाक : दिसम्बर 01, 2023
स्थान : होशंगाबाद, भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड